विदेशी मुद्रा गतिविधियां*

अक्तूबर 2010

i) एक्जिम बैंक की रिपब्लिक ऑफ घाना सरकार को 21.72 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने रिपब्लिक ऑफ घाना सरकार के साथ रिपब्लिक ऑफ घानामें(i) उन्नत मछली उपज तथा मछली प्रसंस्करण परियोजना, और (ii) कूड़ा-करकट प्रबंधन उपकरण तथा प्रबंधन सहायक परियोजना के लिए भारत से परामर्शदात्री सेवाओं सहित सुयोग्य वस्तुओं और सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 21.72 मिलियन अमरीकी डॉलर (इक्कीस मिलियन सात सौ और बीस हजार अमरीकी डॉलर मात्र) तक की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 6 मई 2010 को एक करार किया है।

ऋण सहायता के तहत ऋण करार 3 सितंबर 2010 से लागू है और करार के निष्पादन की तारीख 6 मई 2010 है। ऋण सहायता के तहत साख-पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तिथि परियोजना निर्यात के मामले में संविदा (संविदाएं) पूर्ण करने की निर्धारित तारीख से 48 महीने होगी और आपूर्ति संविदा के मामले में ऋण करार के निष्पादन की तारीख से 72 महीने (05 मई 2016) होगी।

ए.पी.(डीआईआर सिरीज) परिपत्र सं.14
13 अक्तूबर 2010

ii) एक्जिम बैंक की इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ मौरितानिया सरकार को 21.80 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण सहायता

भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ मौरितानिया सरकार के साथ मौरितानिया में (i) पेय जल परियोजना (6.80 मिलियन

अमरीकी डॉलर); तथा (ii) मॉरटानिया कृषि विकास परियोजना (15 मिलियन अमरीकी डॉलर) के वित्तपोषण के प्रयोजन के लिए भारत से परामर्शदात्री सेवाओं सहित सुयोग्य वस्तुओं और सेवाओं के वित्तपोषण के लिए 21.80 मिलियन अमरीकी डॉलर (इक्कीस मिलियन आठ सौ हजार अमरीकी डॉलर मात्र) तक की ऋण सहायता उपलब्ध कराने के लिए 09 फरवरी 2010 को एक करार किया है।

ऋण सहायता के तहत ऋण करार 3 सितंबर 2010 से लागू है और करार के निष्पादन की तारीख 09 फरवरी 2010 है। ऋण सहायता के तहत साख-पत्र खोलने तथा संवितरण की अंतिम तिथि परियोजना निर्यात के मामले में संविदा (संविदाएं) पूर्ण करने की निर्धारित तारीख से 48 महीने होगी और आपूर्ति संविदा के मामले में ऋण करार के निष्पादन की तारीख से 72 महीने (08 फरवरी 2016) होगी।

ए.पी.(डीआईआर सिरीज) परिपत्र सं.15
13 अक्तूबर 2010